लेकर रोमांच साफ झलक रहा था। फिल्म सूर्या को 2026 में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

# देखभाल और सहयोग की यात्रा- उपचार तक सुनिश्चित पहुँच



**रघुवंशी रक्षक पत्रिका**

जयपुर। स्थित एसएमएस अस्पताल के एआरटीसी सेंटर पर मुकुल माधव फाउंडेशन (सीएसआर पार्टनर- फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड) व केयर एंड सपोर्ट सेंटर जयपुर द्वारा नंदा राम जी को निःशुल्क ट्राईसाइकिल गुढ़ा बैरसल जनप्रतिनिधि ओमप्रकाश सिरोहिया की उपस्थिति में प्रदान की गई।

इस वितरण कार्यक्रम की में डॉ. शेफाली चौधरी (उप निदेशक एसटीओआई एवं सीएसटी), डॉ. विजय सैनी (संयुक्त निदेशक- सीएसटी, आरएसएसीएस), डॉ. अभिषेक अग्रवाल (नोडल ऑफिसर एआरटीसी), डॉ. अनिल सक्सेना (एसएमओ एआरटीसी), डॉ. अनिल उज्ज्वल (एमओ एआरटीसी), गौरव जैन (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीएससी) तथा दयाराम स्वामी (मुकुल माधव फाउंडेशन) ने।

नंदा राम, जो एक दुर्घटना के बाद शारीरिक रूप से अशक्त हो गए और चलने-फिरने की क्षमता खो बैठे थे, उन्होंने अपनी जीवनरक्षक दवाइयाँ लेना भी बंद कर दिया था। इससे उनकी सेहत गंभीर संकट में थी। ऐसे कठिन समय में मुकुल माधव फाउंडेशन ने सीएससी टीम के सहयोग से न केवल उन्हें ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई ताकि वे हर माह हॉस्पिटल जाकर अपनी दवाइयाँ ले सकें, बल्कि उन्हें पुनः हॉस्पिटल सेंटर से जोड़ा और उपचार शुरू करवाया। जनप्रतिनिधि ओमप्रकाश सिरोहिया ने कहा यह पहल उद्देश्यों के अनुरूप एक सराहनीय उदाहरण है, जो दर्शाती है कि सामूहिक सहयोग से प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर प्राप्त कर सकता है।